एफएसएनएल में राजभाषा माह के अवसर पर हिंदी भाषण प्रतियोगिता

भिलाई नगर-फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई के ''मिनी ऑडिटोरियम'' में श्री पंकज त्यागी, महाप्रबंधक (का.एवं प्रशा.)/विधि की अध्यक्षता एवं डॉ. सुनिता वर्मा, विभागाध्यक्ष (हिंदी), स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय एवं श्रीमती रिमझिम वैष्णव, बैंक आफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय तथा श्री पुरूषोत्तम साहू, केन्द्रीय विद्यालय, दुर्ग के विशेष आतिथ्य एवं श्री छगन लाल नागवंशी, राजभाषा अधिकारी की गरिमामय उपस्थिति में राजभाषा माह के अवसर पर ''हिंदी भाषण प्रतियोगिता'' सम्पन्न हुई ।

राजभाषा माह के अवसर आयोजित ''हिंदी भाषण प्रतियोगिता'' में एफएसएनएल के निगमन कार्यालय, भिलाई इकाई अधिकारी एवं कर्मचारी और स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।